This question paper contains **8+4** printed pages]

आपका अनुक्रमांक ........................

**2606**

**B.A. (Programme)/I** **D-I**

HINDI LANGUAGE (C)—Paper I

हिंदी भाषा (ग)—प्रश्नपत्र I

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10=20

(क) कैलिफोर्निया के स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय स्थित 'अन्तर्राष्ट्रीय दिवस 1990' की अपील पर 22 अप्रैल को विश्व के एक सौ बीस देशों में 'धरती दिवस' मनाया जा रहा है । आयोजन समिति के छियालिस सदस्यों में कई ख्याति-प्राप्त वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और विश्व संगठनों के

प्रमुखों के अलावा कोस्टारिका गणराज्य के राष्ट्रपति भी शामिल हैं । राजनीतिक विचारधाराओं के भेदभाव भुलाकर सब ही देशों का प्रतिनिधित्व इसमें है । आज तक यह माना जाता था कि पर्यावरण की रक्षा की आवाज़ केवल गैर-साम्यवादी देशों से ही उठ रही है क्योंकि हरित पार्टियों का जन्म यूरोप में हुआ है लेकिन अब सोवियत संघ और साम्यवादी खेमे के देशों में पिछले वर्ष हुई वैचारिक उथल-पुथल के बाद सोवियत संघ भी इन आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लेने लगा है । जनवरी में तो मास्को में अन्तर्राष्ट्रीय संसदीय एवं आध्यात्मिक नेता सम्मेलन ही हुआ, जिसमें राष्ट्रपति गोर्बाचोव ने कहा, 'पारिस्थितिकी के सम्बन्ध में हमारा विचार बदल गया है । एकमात्र अन्तर्राष्ट्रीय प्रयासों से ही हम आनेवाली दुर्घटनाओं को टाल सकते हैं ।'

**प्रश्न :—**

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है तथा इसके लेखक का नाम लिखिए ।

(*ii*) 'धरती दिवस' कब मनाया गया तथा इसके आयोजक कौन-कौन थे ?

(*iii*) सोवियत संघ पर्यावरण रक्षा के आयोजनों में क्यों भाग लेने लगा ?

(*iv*) राष्ट्रपति गोर्बाचोव ने अन्तर्राष्ट्रीय संसदीय एवं आध्यात्मिक नेता सम्मेलन में क्या वक्तव्य दिया ?

(ख) उपभोक्ता संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा ? यह गंभीर चिन्ता का विषय है । हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है । जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती । न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से । भले ही वे अन्तर्राष्ट्रीय हों । पित्जा और बर्गर कितने ही आधुनिक हों, हैं वे कूड़ा खाद्य । समाज में वर्गों की दूरी बढ़ रही है, सामाजिक सरोकारों में कमी आ रही है । जीवन स्तर का यह बढ़ता अन्तर आक्रोश और अशान्ति को जन्म दे रहा है । जैसे-जैसे दिखाने की यह संस्कृति फैलेगी, सामाजिक अशान्ति भी बढ़ेगी । हमारी सांस्कृतिक

अस्मिता का ह्रास तो हो ही रहा है, हम लक्ष्यभ्रम से भी पीड़ित हैं । विकास के विराट् उद्देश्य से पीछे हट रहे हैं, हम झूठी तुष्टि के तात्कालिक लक्ष्यों का पीछा कर रहे हैं । मर्यादाएँ टूट रही हैं, नैतिक मानदंड ढीले पड़ रहे हैं । व्यक्तिकेन्द्रिकता बढ़ रही है, स्वार्थ परमार्थ पर हावी हो रहा है । भोग की आकांक्षाएँ आसमान को छू रही हैं । किस बिन्दु पर रुकेगी यह दौड़ ?

**प्रश्न :—**

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है तथा इसके लेखक का नाम लिखिए ।

(*ii*) लेखक ने कूड़ा खाद्य किसे कहा है ?

(*iii*) समाज में आक्रोश और अशांति के क्या कारण हैं ?

(*iv*) प्रस्तुत अनुच्छेद में लेखक किस दौड़ की बात कह रहा है ?

(ग) देश का काम किस भाषा में चले, यह विद्वानों, लेखकों और साहित्यिकों का प्रश्न नहीं, बल्कि राजकीय प्रश्न है, विशुद्ध लोक-इच्छा का प्रश्न । मैंने जब सुना कि वर्धा में इकट्ठे करीब एक हज़ार राष्ट्रभाषा प्रचारकों के सामने घर-मन्त्री ने अंग्रेज़ी को अनन्त काल तक रखने की बात कही तो किसी ने भी प्रतिवाद नहीं किया, तब मुझे मिचली जैसी आई । हिंदी के प्रचारक, लेखक वगैरह प्राय: सभी बिक चुके हैं । जब वे तटीय लोगों की आड़ लेते हैं और कहते हैं कि बंगाली अथवा तमिल लोगों के लिए अंग्रेज़ी रखना जरूरी है तब उनसे बड़ा झूठा कोई नहीं । हिंदी के मध्यदेशों से अंग्रेज़ी को हटाने का झंडा यह लोग क्यों नहीं उठाते ? थोड़ी देर के लिए तटदेशीय लोगों की बात छोड़ दें, तो भी मध्यदेशीय लोगों का किसी

क्षेत्र में, चाहे सेना, रेल, तार, न्यायालय, सरकारी दफ्तर वगैरह में एक क्षण के लिए अंग्रेज़ी कायम रखना देशद्रोह है ।

**प्रश्न :—**

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम लिखिए ।

(*ii*) देश का काम किस भाषा में चले, यह किसकी जिम्मेदारी है ?

(*iii*) वर्धा में घर-मन्त्री की बात पर लेखक को मितली जैसा क्यों लगा ?

(*iv*) लेखक के अनुसार मध्यदेशीय लोगों के लिए अंग्रेज़ी कायम रखना देशद्रोह क्यों है ?

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10

(*i*) बालक हामिद ने दिनभर भूखे-प्यासे रहकर अपनी दादी अमीना के लिए ईदगाह के मेले से क्या खरीदा और क्यों ? (ईदगाह)

(*ii*) बुढ़िया पुत्र की मृत्यु के तुरन्त बाद खरबूजे बेचने क्यों गई ? (दु:ख का अधिकार)

(*iii*) युगधर्म से क्या अभिप्राय है ? (संस्कृति)

(*iv*) दीपावली का पर्व किसका प्रतीक है ?

(दीपावली सामाजिक मंगलेच्छा का प्रतिमा पर्व)

(*v*) लेखक ने 'अपनी-अपनी बीमारी' के माध्यम से किन लोगों पर व्यंग्य किया है ?

(*vi*) लेखक ने एयर होस्टेस की मुस्कान को वाणिज्य मुस्कान की संज्ञा क्यों दी ?

(*vii*) प्राकृतिक प्रकोप से क्या तात्पर्य है ?

(थकी-हारी धरती को अब विश्राम दीजिए)

(*viii*) 'भारत के विकास का रास्ता गाँव से होकर गुजरता है । इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(भाषा, बोली और पर्यावरण)

3. 'निर्मला' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(*i*) बाबू उदयभानुलाल कौन थे ? वे निर्मला का विवाह किसके साथ करना चाहते थे ?

(*ii*) बाबू उदयभानुलाल ने घर छोड़कर मिर्जापुर जाने का निश्चय क्यों किया ?

(*iii*) कल्याणी ने बाबू भालचन्द्र को पत्र क्यों लिखा ?

(*iv*) भुवनचन्द्र ने निर्मला के साथ विवाह करने से इन्कार क्यों कर दिया ?

(*v*) निर्मला का विवाह मुंशी तोताराम के साथ क्यों हुआ ?

(*vi*) मुंशी तोताराम के कितने बेटे थे ? उनके नाम लिखिए ।

(*vii*) निर्मला खुद को मंसाराम की मृत्यु का जिम्मेदार क्यों मानती थी ?

(*viii*) 'निर्मला' के माध्यम से प्रेमचन्द क्या सन्देश देना चाहते हैं ?

**अथवा**

'आज भी खरे हैं तालाब' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) तालाबों का जीवन में क्या महत्त्व है ?

(*ii*) तालाब बनाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(*iii*) तालाब बनाने के लिए कौनसा मुहूर्त शुभ माना जाता है ?

(*iv*) 'पानी का काम प्रेम का काम है, पुण्य का काम है ।' इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(*v*) तालाब बनाने वालों को क्या कहते हैं तथा समाज में किस प्रकार इन्हें सम्मानित करने की प्रथा है ?

(*vi*) 'भोपाल ताल' किसने बनवाया था तथा यह कहाँ स्थित है ?

(*vii*) जसमा ओढ़न कौन थी ? उसका विवाह राजा भोज से क्यों नहीं हुआ ?

(*viii*) दिल्ली में स्थित किसी **एक** तालाब का वर्णन कीजिए ।

4. किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : 10

(*i*) योग और स्वास्थ्य;

(*ii*) भिक्षावृत्ति : जीवन-निर्वाह का साधन;

(*iii*) हमारी नदियाँ और हम ।

5. विश्वविद्यालय की 'पुष्प-प्रदर्शनी' पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए । 10

**अथवा**

अपने क्षेत्र में जल-संकट से उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों का वर्णन करते हुए किसी दैनिक-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

6. (क) कोश का महत्त्व बताते हुए किन्हीं **दो** द्विभाषी कोशों के नाम लिखिए । 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

श्री, युद्ध, प्रभात, रजनी, ऊषा, ज्ञान, विज्ञान, कर्म, गणेश, वसुन्धरा ।

7. (क) **दो-दो** पर्यायवाची लिखिए : 5

घोड़ा, अमृत, गंगा, हाथी, आकाश ।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में आए उपसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए : 5

सुशोभित, कुपुत्र, निर्जन, अपमान, सामाजिक ।

(ग) संधि-विच्छेद कीजिए : 5

लोकोक्ति, सर्वोत्तम, महोत्सव, अत्याधुनिक, उल्लेख ।

8. (क) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 5

इमानदारी, सप्ताहिक, सत्यग्रही, स्र्वणिम, प्रशाद ।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(*i*) शुद्ध गंगाजल में स्नान करने से मन पवित्र होता है ।

(*ii*) बीती बातों को भुला देनी चाहिए ।

(*iii*) उस सभा में अनेकों विद्वान उपस्थित थे ।

(*iv*) हमारे से गाया नहीं जाता ।

(*v*) राकेश को काट कर आम खिलाओ ।